Hindi

Flying Start for kids

कार्डबोर्ड बक्सों के साथ खेलना:

2 से 6 साल की आयु के बच्चों के लिए गतिविधियाँ

कार्डबोर्ड बॉक्स छोटे बच्चों में रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार साधन हैं।

इन बहु-उपयोगी वस्तुओं को विभिन्न खेल परिदृश्यों में बदला जा सकता है, जैसे कि किला, दुकानें, गुफाएँ इत्यादि। बक्सों के साथ खेलने से बच्चों को समस्याओं का समाधान निकालने के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है क्योंकि वे विचारों को जीवंत करने के लिए अपनी कल्पना का उपयोग करते हैं।

बक्से शारीरिक खेल को भी प्रोत्साहित करते हैं। बच्चे की कल्पनाशक्ति असीम होती है।

Government of South Australia

earlychildhood.sa.gov.au

आपको किन-किन चीज़ों की आवश्यकता है

- **शिल्प सामग्री:** कैंची (नज़र रखें), गोंद, टेप, रंगीन मार्कर, क्रेयॉन/रंग, सामग्री (मटीरीअल), रंगीन काग़ज़, पन्नी (फॉयल), कपड़ा (फैब्रिक), पेपर प्लेट, पॉप स्टिकस्, सिलोफ़ेन, रैपिंग पेपर।
- **अन्य घरेलू, खिलौनों जैसी वस्तुएं:** कुशन, चाय सेटस्, खिलौने, कठपुतलियाँ, मोज़े, कपड़े, चादरें, कुर्सियाँ, टेबल।

खेल को कैसे प्रोत्साहित करना है

खेल की दिशा अपने बच्चे को तय करने दें और जैसे-जैसे वे सामान (मटीरीअल) को जाँचते हैं, उसमें उनकी सहायता करें। खुले प्रश्न पूछें, जैसे कि **'मैं सोचता/ती हूँ कि आप इन बक्सों से क्या बना सकते हैं?'**, या **'आप इसमें और क्या जोड़ सकते हैं?'**

जैसे-जैसे आपके बच्चे को आवश्यकता हो, उसे सहायता प्रदान करें और निर्णय लेने, समस्याओं को सुलझाने और सामान की खोजबीन करने में उसमें उनकी सहायता करें (ऐसा आवश्यक नहीं कि वे एक-दम सही हों)।

खेल का माहौल कैसे तैयार करना है

यदि आपके बच्चे को प्रेरणा की आवश्यकता है, तो आप उन्हें खेल का एक माहौल तैयार करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं जैसे कि:

हवाई अड्डा या कार पार्क: एक बॉक्स का एक वाहन का ढाँचा बनाएं, फिर उसमें पहिए, पंख या छत लगाएं। अपने बच्चे से पूछें, **'और क्या-क्या चाहिए?'** इसे सजाने और अधिक सामान शामिल करने का अवसर दें। उनकी रचनात्मकता पर ध्यान दें।

एक घर, निवास, किला या छुपने का ठिकाना: एक बड़े बक्से से शुरुआत करें और अपने बच्चे से पूछें, **'हम घर के अंदर कैसे जाते हैं?', 'घर या निवास-स्थान को और क्या चाहिए?'**। कल्पनाशील खेल को बढ़ावा देने के लिए अपने बच्चे को इसमें कुशन और चाय के सेट जैसी वास्तविक सांसारिक वस्तुओं को अपने सृजन में शामिल करने दें।

वेशभूषा (कॉस्ट्यूम) पार्टी: पूछें, **'इन बक्सों का उपयोग करके आप किस प्रकार के किरदार बना सकते हैं?'**। विभिन्न आकार और साइज़ का सामान उपलब्ध कराने पर विचार करें, संभवतः किसी चीज़ को रोल करके पोशाक का हाथ या पैर बनाएँ।

कठपुतली थियेटर: एक बक्से से दरवाज़ा और खिड़की काटकर कठपुतली थियेटर बनाएँ, एक पर्दा लगा दें और फिर अपने बच्चे को कठपुतलियों, खिलौनों या कार्डबोर्ड पर बने पात्रों का उपयोग करके एक कहानी बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। हो सकता है कि आपका बच्चा मोज़ों (जुराबों) की कठपुतली या अपने हाथ का उपयोग करना चाहे।

इंद्रिय खेल: अपने बच्चे को चीज़ों का अन्वेषण करने दें और देखें कि वे कैसा महसूस करते हैं, उनसे विचार साझा करें कि विभिन्न बनावटें कैसी लगती हैं - ऊबड़-खाबड़, फिसलनदार, मुलायम, सख्त?

सक्रिय खेल: अपने बच्चे को कहें कि एक सुरंग की तरह बक्से के अंदर से जाए या फिर जैक-इन-द-बॉक्स बनाने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

विभिन्न आयु और क्षमताओं के हिसाब से खेल को अनुकूलित करना

अवसर असीमित हैं। जैसे-जैसे वे सीखते हैं, अपने बच्चे को नेतृत्व करने दें, गलतियाँ करने दें और समस्याओं का समाधान करने दें।

- **छोटी आयु के बच्चों** को अपने विचारों को जीवंत बनाने के लिए अधिक दिशानिर्देश और सहायता की आवश्यकता हो सकती है।
- **बड़ी आयु के बच्चे** मार्गदर्शन की मांग कर सकते हैं, लेकिन उन्हें समस्याओं का हल निकालने दें, जैसे कि यह तय करना कि सामान को कैसे जोड़ा जाए या विभिन्न गतिविधियों के लिए बक्से को कहाँ रखना है।

Government of South Australia

और अधिक सीखें:
कार्डबोर्ड बक्सों के साथ खेलना:
2-6 वर्ष | रेज़िंग चिल्ड्रन नेटवर्क